अभियंता प्रमुख का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

संवेदक Satyesh Suman, (Regd No- 4160033), At – Near Lahtan Chodhary College, Batraha, Ward No. 25, Saharsa, Bihar, Pin No- 852201 को कार्य प्रमंडल, **गोगरी** के अधीन **योजनाशीर्ष MMGSY (SC)** अन्तर्गत **KDS कॉलेज गोगरी से भोजुआ** तक पथ निर्माण का कार्य आवंटित था। जिसका एकरारनामा संख्या–19SBD/2016-17 के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि–19.12.2016 एवं कार्य पूर्णता की तिथि–18.12.2017 थी।

उक्त पथ के कार्य समाप्ति के पश्चात निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण नहीं किया गया। उक्त पथ पंचवर्षीय अनुरक्षण का कार्य पूर्ण करने हेतु कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, **कार्य प्रमंडल, गोगरी** का पत्रांक–1848 दिनांक–27.10.2023, पत्रांक–674 दिनांक–02.04.2024 एवं पत्रांक–783 दिनांक–19.04.2024 के माध्यम से संवेदक को बार–बार निदेशित किया गया। परन्तु संवेदक द्वारा एकरारनामा शर्तो के अनुरूप कार्य पूर्ण करने में अभिरूचि नहीं ली गई।

मुख्य अभियंता–4, पूर्णियॉ, ग्रामीण कार्य विभाग का पंत्राक–853 अनु0 दिनांक–01.07.2024, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, सहरसा के पत्रांक–421 अनु0 दिनांक–21.06.2024 एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गोगरी के पत्रांक–858 अनु0 दिनांक–09.05.2024 द्वारा पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य एकरारनामा के अनुसार एकरारित अवधि तक लंबित/अपूर्ण रखने एवं Program of Works के अनुसार समानुपातिक अनुरक्षण कार्य को अपूर्ण/लंबित रखने के कारण संवेदक को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया। उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–2929 दिनांक–03.09.2024 द्वारा 15(पन्द्रह) दिनों के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी। निर्धारित अवधि के समाप्त हो जाने के बाद भी स्पष्टीकरण का जबाव उपलब्ध नहीं कराया गया। पुनः विभागीय पत्रांक–3162 दिनांक–07.10.2024 द्वारा संवेदक को स्मारित किया गया, फिर भी संवेदक द्वारा स्पष्टीकरण का जबाव अप्राप्त रहने के कारण पुनः संवेदक को अंतिम रूप से विभागीय पत्रांक–3366 दिनांक– 30.10.2024 द्वारा स्मारित किये जाने के पश्चात भी संवेदक द्वारा अबतक स्पष्टीकरण का जबाव उपलब्ध नहीं कराया गया।

इससे स्पष्ट होता है कि अपने पक्ष में संवेदक को कुछ नहीं कहना है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरांत बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 की कंडिका 11 (क) (vi) के आलोक में संवेदक Satyesh Suman, At – Near Lahtan Chodhary College, Batraha, Ward No. 25, Saharsa, Bihar, Pin No- 852201 के निबंधन संख्या–4160033 को अगले 04(चार) वर्षो के लिए Blacklist किया जाता है।

(श्रीप्रकाश)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची—10—52/2024-3554 /पटना, दिनांकः— 26/11/2024

प्रतिलिपिः—अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची—10—52/2024-3554 /पटना, दिनांकः— 26/11/2024

प्रतिलिपिः—अवर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची—10—52/2024-3554 /पटना, दिनांकः— 26/11/2024

प्रतिलिपिः— प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—14/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः—मु0अ0(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची—10—52/2024-3554 /पटना, दिनांकः— 26/11/2024

प्रतिलिपिः— संवेदक Satyesh Suman, (Regd No- 4160033), At – Near Lahtan Chodhary College, Batraha, Ward No. 25, Saharsa, Bihar, Pin No- 852201 को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख